## खबर संक्षेप

### अभियान के लक्ष्यों की करें शत प्रतिशत पूर्ति

**कटनी।** "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में 23 स्थलों पर सोकपिट निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर हैं। इसके अतिरिक्त 17 से अधिक कुओं की सफाई, 620 से अधिक स्थलों पर लीकेज मरम्मत, 18 सार्वजनिक प्याऊ का संचालन एवं जल संरक्षण, नदी-तालाबों तथा घाटों की साफ-सफाई का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। निगमायुक्त ने नगर के विभिन्न स्थलों पर स्थित बावड़ियों एवं कुओं की साफ-सफाई, मच्छररोधी जाली लगाने, सौंदर्यीकरण कार्य कराने तथा नागरिकों को वर्षा जल संचयन हेतु प्रेरित कर अभियान के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर में शुद्ध एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनाए रखने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### खेत में बिजली का कंटीला तार बिछाने पर मामला दर्ज

**कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चाँदनखेड़ा में लापरवाही पूर्वक बिजली का कंटीला तार बिछाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर बाकल पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम चाँदनखेड़ा निवासी रामकुमार चक्रवर्ती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मढ़ा तालाब के पास आरोपी राजेश बर्मन ने अत्यंत लापरवाही पूर्ण तरीके से बिजली का कटीला तार लगाया था। इस कृत्य से न केवल मानव जीवन को खतरा उत्पन्न हो सकता था, बल्कि यह कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस ने आरोपित राजेश बर्मन के खिलाफ निम्नलिखित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जाँच शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन ने भी ग्रामीणों से अपील की है कि वे खेतों या अन्य स्थानों पर असुरक्षित तरीके से बिजली के तारों का प्रयोग न करें, जिससे भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी या जनहानि को रोका जा सके।

### दो पक्षों में मारपीट

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झलवारा में बीती रात दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। गाली-गलौज से शुरू हुआ यह झगड़ा मारपीट में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों के लोग चोटिल हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनकेजे पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। घनश्याम कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती अमित दुबे और बुद्धू दुबे ने एक राय होकर उनके साथ अभद्रता की। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष से मोहन दुबे ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

---

### जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हुआ मंथन

# ऐतिहासिक महत्व वाली 5 बावड़ियों का होगा पुनरूद्धार, अतिक्रमण हटाने होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुरा संपदा से समृद्ध कटनी जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले की 5 प्राचीन बावड़ियों का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जीर्णोद्धार कराने और मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले का पुनरूद्धार व मरम्मत कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्याम परिहार, और सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर मौजूद रहे।

बैठक में भारत के केंद्र बिन्दुक करौंदी का समग्र विकास कर पर्यटन मानचित्र में प्रमुखता से स्थांन दिलाने के उद्देश्य से ट्रस्ट गठन की प्रक्रिया प्रचलित होने की जानकारी एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल ने दी। ट्रस्टट गठन के बाद करौंदी को इसके महत्वम के अनुरूप ग्राम पंचायत के सहयोग से पर्यटन मानचित्र में लाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।



कलेक्टर श्री तिवारी ने एएसआई द्वारा चयनित पुरातात्विक साइटों पर किये गए अतिक्रमण को सीमांकन कर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने एएसआई के अधिकारियों को ऐसे स्थोलों की सूची तत्कारल मुहैया कराने के निर्देश दिए।

#### प्राचीन बावड़ियों का जीर्णोद्धार

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी के संज्ञान में जिले में पांच पुरातात्विक महत्व की बावड़ियों के होने की जानकारी मिलते ही उन्होने सभी के जीर्णोद्धार व मरम्मतत कर इनके पुरावैभव को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। इनमें दो कटनी शहर की बावड़ियां भी शामिल है। जिनमें वार्डस्ले स्कूल परिसर और बरगवां रोड स्थित निजी चिकित्सालय के समीप स्थित बावड़ियां शामिल है। इसी प्रकार ग्रामीण अंचलों की तीन बावड़ियों क्रमशः विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत विलायतकला, बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचैया और विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत टिकरिया की प्राचीन बावड़ियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मरम्ममत व जीर्णोद्धार कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में कलेक्टर ने अवगत कराया कि जिले से संबंधित प्राचीन हस्त लिखित पांडुलिपियां यदि किसी व्यगक्ति या निजी संस्थाी के पास हो तो वे ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत इनका डिजिटल दस्तानवेजीकरण करवा सकते हैं। ताकि ये पांडुलिपियां भावी पीढ़ी के लिये सुरक्षित हो सकें।

#### ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा

बैठक में पर्यावरणविद एवं सचिव मानव जीवन विकास समिति निर्भय सिंह ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यसम से ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने में होम स्टे की महत्तो से अवगत कराया जो कि होटल की तुलना में अपेक्षाकृत सस्ताक पड़ता है। पर्यटक यहां कम खर्च में गांवो की नैसर्गिक सुंदरता, पारंपरिक जीवन शैली और सांस्कृयतिक विरासत का अनुभव कर सके जिले में वर्तमान में 10 होम स्टेन बने है और 9 निर्माणाधीन है। इन होम स्टेर में फ्रांस के विदेशी पर्यटक भी रूककर ग्राम्य जीवन, पारंपरिक खान-पान, लोक कला व समृद्ध सांस्कृेतिक ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन कर चुके हैं।

---



# पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों द्वारा किया जा रहा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री तपस्या परिहार आई.ए.एस के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण का मकान सूचीकरण कार्य निरंतर प्रारंभ है जो आगामी 30 मई तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों से 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित कर रहे हैं, जो भविष्य की विकास योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगी।

नगर निगम आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देशानुसार आगामी जनगणना के तहत जिले में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य निरंतर गति से जारी है। इस दौरान यह सुनिश्चित करने के निर्देश है कि प्रत्येक परिवार की सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज की जाए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया है कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए तथा डाटा की शुद्धता और पारदर्शिता बनाए रखी जाए। साथ ही उन्होंने प्रगणकों को प्रशिक्षण में दी गई जानकारी के अनुसार कार्य करने और आम नागरिकों से सहयोगात्मक व्यवहार रखने की सलाह दी। इस क्रम में नियुक्त पर्यवेक्षक एवं प्रगणक अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण कर मकानों का भौतिक सत्यापन और परीक्षण कर रहे हैं।

---

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर बताई पीड़ा, कार्यवाही की मांग

# महिला कर्मचारी ने लगाये कई गंभीर आरोप, प्राचार्य ने सिरे से किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रीठी स्थित एक शासकीय स्कूल में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ कार्यरत एक महिला आउटसोर्स सफाई कर्मचारी ने स्कूल के प्राचार्य पर शारीरिक शोषण के प्रयास और डराने-धमकानी का गंभीर आरोप लगाया है। स्थानीय पुलिस द्वारा सुनवाई न किए जाने पर पीड़िता ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर न्याय की मांग की है।

#### नौकरी से निकालने की धमकी के लगाये आरोप

पीड़िता ने एसपी कार्यालय में लिखित शिकायत सौंपते हुए बताया कि प्राचार्य हेमराज कारपेंटर उन पर पिछले कुछ समय से शारीरिक संबंध बनाने का अनैतिक दबाव डाल रहे हैं। महिला का आरोप है कि जब उसने प्राचार्य की इन नाजायज मांगों को मानने से इनकार कर दिया, तो प्राचार्य ने उसे पद से हटाने और नौकरी से निकालने की धमकी देनी शुरू कर दी। अपनी आजीविका छिनने के डर से सहमी महिला ने अब वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी सुरक्षा और कार्रवाई की गुहार लगाई है।

#### थाने में नहीं हुई सुनवाई, एसपी तक पहुँचा मामला

शिकायती पत्र में महिला ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। पीड़िता के अनुसार, उसने सबसे पहले रीठी थाने में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया था, लेकिन वहाँ उसकी बात नहीं सुनी गई। पुलिस की इसी निष्क्रियता और उदासीनता को देखते हुए पीड़िता को जिला मुख्यालय स्थित वरिष्ठ अधिकारियों के पास आना पड़ा।

#### प्राचार्य ने कहा छवि खराब करने की कोशिश

इस संबंध में प्राचार्य ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने दैनिक भास्कर डॉट कॉम को बात करते हुए कहा है कि कुछ राजनीतिक लोग पिछले एक वर्ष से उन्हें निशाना बना रहे हैं। प्राचार्य के अनुसार, यह शिकायत उनकी छवि धूमिल करने के लिए रची गई एक साजिश है। उन्होंने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराने की अपील की है ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।जांच में जुटी पुलिसएसपी कार्यालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। पुलिस अब स्कूल के अन्य कर्मचारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है। साथ ही, तकनीकी साक्ष्यों को भी खंगाला जा रहा है ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके। फिलहाल, इस हाई-प्रोफाइल मामले ने शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है।

---

## भाजपा की जीत का सुभाष चौक में मनाया गया जश्न



भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक में पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी की प्रचंड जीत पर जोरदार जश्न मनाया। ढोल नगाड़ों तथा गगनचुंबी आतिशबाजी के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों के साथ पूरे माहौल को भाजपामयी बना दिया। जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि यह भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग परिश्रम की जीत है उन्होनें कहा कि जनता ने अधर्म को हराकर धर्म ध्वज लहराया है और अब बंगाल में विकास और सुशासन का दौर शुरू हो चुका है। यह जीत जनता के अटूट विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति असीम प्रेम का परिणाम है बंगाल की जनता में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जो भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास देखने को मिला, वही इस ऐतिहासिक विजय का मुख्य कारण बना यह जीत आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा तय करेगी और संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी यह विजय राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन की जीत है।

---

# महापौर जनसुनवाई का आयोजन आज एक ही स्थान में समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होनी वाली महापौर जनसुनवाई लगातार लोगों के लिए राहत का माध्यम बनती जा रही है। इस पहल के माध्यम से आमजन को अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया अधिक सरल और सहज होती जा रही है।

#### यहां होगी सुनवाई

नगर निगम द्वारा प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जा रही इस पहल के अंतर्गत 5 मई, मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक मेयर इन काउंसिल सभागार में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

#### महापौर के समक्ष सीधे रख सकेंगे अपनी समस्या

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा। इससे शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनके निराकरण की प्रक्रिया को गति दी जाएगी।

एक ही मंच पर मिलेगा समाधान

जनसुनवाई में संबंधित शाखाओं के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जिससे प्राप्त शिकायतों पर मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए जा सकेंगे। इस व्यवस्था से नागरिकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और एक ही स्थान पर समाधान की दिशा में कार्यवाही प्रारंभ हो जाएगी। जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण संभव होगा, उन्हें मौके पर ही हल किया जाएगा।

जनसुनवाई के माध्यम से शिकायतों के निराकरण में तेजी आई है। प्राप्त आवेदनों पर तत्काल मॉनिटरिंग और फॉलोअप की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिससे लंबित मामलों में भी शीघ्र प्रगति सुनिश्चित हो रही है।

---

### लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# कर्मचारियों ने दी चेतावनी, मांगों पर जल्द विचार नहीं किया तो करेंगे उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विभिन्न लंबित मांगों और विभागीय विसंगतियों को लेकर मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी और स्थायी कर्मियों ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया और मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

संघ के पदाधिकारियों ने शासन की नीतियों पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों के निराकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन उनकी अनदेखी की जा रही है।




ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया गया है। अनुसूचित जाति/जनजाति कार्य विभाग, लोक निर्माण विभाग (PWD) और जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों में कार्यरत स्थायी कर्मियों को सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार नियमित करने और उन्हें 7वें वेतनमान का लाभ देने की मांग की गई है। अजा/जजा कार्य विभाग में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर वेतन देने की बात कही गई है। स्थायी कर्मियों ने ई-अटेंडेंस प्रणाली में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए इससे मुक्त रखने की मांग दोहराई है। जिले के समस्त विभागों में वर्षों से सेवाएं दे रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को जल्द से जल्द स्थायी कर्मी बनाए जाने की मांग की गई है।कर्मचारी हित में निर्णय की उम्मीदसंघ के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि ये मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं। कर्मचारियों ने शासन से अनुरोध किया कि इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार कर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि वर्षों से अल्प मानदेय और अनिश्चितता के बीच काम कर रहे कर्मचारियों को आर्थिक व मानसिक राहत मिल सके। कर्मचारियों ने चेतावनी भी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो वे आगामी समय में अपने आंदोलन को और उग्र करने के लिए बाध्य होंगे।

---

## जनसेवा एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दायित्वों का निर्वहन करने निर्देश

# फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं करने एवं अवैध कालोनी निर्माण पर करें सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि शासन की मंशानुरूप जनसेवा एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्ण कार्यक्षमता, जवाबदेही एवं समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय कार्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।सोमवार को निगम एमआईसी सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिक योजनाओं तथा जनहित से जुड़े कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन, टीएल प्रकरणों, पेयजल व्यवस्था, निर्माण कार्यों एवं विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

#### विकास योजनाओं की समीक्षा

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत 1.0 एवं 2.0 तथा आईएचएसडीपी योजना के विभिन्न घटकों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित एवं आवंटित भवनों, विद्युत फिटिंग कार्य, आरआरसी प्रकरणों की समीक्षा कर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



इसी प्रकार अमृत योजना के तहत एसटीपी-1 के शेष कार्य, पाइपलाइन विस्तार एवं हाउस कनेक्शन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। आईएचएसडीपी योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को शीघ्र भवन आवंटन सुनिश्चित करने हेतु लंबित पात्रता संबंधी कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, बहुमंजिला भवनों, अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों में फायर सेफ्टी मानकों के पालन की समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं अधूरी हैं, वहां नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही फायर एनओसी, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं नियमित परीक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। अवैध कॉलोनियों की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा पूर्व निर्मित अवैध कॉलोनियों में नवीन निर्माण कार्यों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित शहरी विकास एवं नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अवैध निर्माणों पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है।

#### विभागीय कार्यों की समीक्षा

बैठक में लेखा शाखा, लंबित पेंशन प्रकरण, स्थापना, विद्युत, उद्यान, जलकर, वाहन, वर्कशॉप, शिक्षा विभाग, न्यायालयीन प्रकरण एवं अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त ने वर्षा पूर्व जर्जर भवनों को चिन्हित कर डिस्मेंटल की कार्रवाई करने, घंटाघर से जगन्नाथ चौक मार्ग के मुआवजा प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करने, मुख्य मार्गों में रोड मार्किंग एवं डिवाइडर मरम्मत कार्य कराने तथा नाले-नालियों की साफ-सफाई एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही नदियों के सीमांकन, नगर विकास कार्यों में गति लाने, ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाइलों के संचालन, महापौर जनसुनवाई एवं संपदा शाखा के लंबित प्रकरणों के प्राथमिकता से निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

---

# जलभराव की समस्या दूर करने बारिश पूर्व चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा समुचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहरभर में नाले एवं नालियों की व्यापक साफ-सफाई का कार्य युद्धस्तर पर निरंतर कराया जा रहा है। निगम का अमला दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान विभिन्न वार्डों में पहुंचकर प्रमुख नालों, नालियों एवं जल निकासी मार्गों से गाद, प्लास्टिक अपशिष्ट एवं अन्य अवरोधों को हटाने की कार्यवाही कर रहा है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं नगर की समुचित सफाई व्यवस्था हेतु निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाकर टोल फ्री नंबर 18002330877 एवं 14420 जारी किया गया है। नागरिक गण इस टोल फ्री नंबर पर नाली सफाई संबंधी समस्या दर्ज कराकर शिकायतों का निराकरण करा सकते है। निगम प्रशासन द्वारा विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है जहां वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित होने की संभावना रहती है। ऐसे संवेदनशील स्थलों पर प्राथमिकता के आधार पर सफाई कार्य संपादित कर जल निकासी व्यवस्था को सुचारू एवं प्रभावी बनाया जा रहा है। साथ ही साफ-सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व सभी प्रमुख नालों एवं नालियों की सफाई पूर्ण कर ली जाए तथा निकाले गए अपशिष्ट का त्वरित उठाव सुनिश्चित किया जाए।

## खबर संक्षेप



### मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, हेडमास्टर कमल सरेचा, डॉ लोकेश दुबे एवं समन्वयक श्रीमती रीत मोंगा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कक्षा पहली से 9वीं एवं 11वीं (सैनिक स्कूल सहित) में कक्षा में प्रथम स्थान एवं विषय विशेष में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी पुरस्कार दिए गए।इसी कड़ी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की ओर से कटनी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सैनिक छात्र आदर्श राज को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । साथ ही सायना स्कूल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को भी स्वर्ण पदक, रजत पदक, कांस्य पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। छात्रों की इस सफलता पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. श्रीमती निधि पाठक, सचिव श्रीमती निर्मला सत्येन्द पाठक, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक नें बधाइयाँ दी हैं। इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती बबीता बजाज एवं प्रीति पाठक ने किया । कार्यक्रम डी.सी. मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### प्रतिमा साहू सम्मानित



**कटनी।** बड़वारा विकासखंड के ग्राम गणेशपुर की छात्रा प्रतिमा साहू ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं में 98.7% अंक अर्जित कर प्रदेश की टॉप-10 सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। प्रतिमा की इस उपलब्धि पर 'समाज सेवा विकास संस्था' की टीम उनके निवास स्थान पहुँचकर उनका अभिनंदन किया। संस्था ने प्रतिमा को फलदार पौधा, कलम (पेन) और बुकें भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रतिमा के माता-पिता का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया, जिनके त्याग और मार्गदर्शन ने प्रतिमा को इस मुकाम तक पहुँचाया। संस्था की सदस्य प्रभा सेन एवम राजाराम पटेल ने बताया कि बच्चों की छोटी सी सफलता को सराहने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा, ₹हमारा उद्देश्य छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाना है ताकि वे आगे चलकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। संस्था द्वारा अब तक कक्षा 5वीं, 8वीं और 10वीं के 15 से अधिक होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जा चुका है। इस दौरान ग्रामीण जन और संस्था के सदस्य राजा राम पटेल एवम प्रभा सेन के साथ अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### पर्व के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान आयोजित होने वाली विविध प्रकार की गतिविधियों हेतु सुनील वाजपेई प्राचार्य, शासकीय तिलक कालेज कटनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अवगत होवे कि संस्कृति संचालनालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा स्वाभिमान वर्ष 1000 साल की अटूट आस्था को 11 जनवरी 2027 तक राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के तौर पर देश भर में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित विविध गतिविधियों के लिए शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य श्री वाजपेई को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा है। श

---

**कलेक्टर ने कहा गेहूँ उपार्जन कार्य की करें नियमित जांच, तय समय-सीमा में कार्य को पूरा करने किया निर्देशित**

# समिति प्रबंधक की वेतन वृद्धि रोकने, समितियों एवं विक्रेताओं द्वारा समाधानकारक जवाब नहीं देने पर कार्यवाही के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों में आ रहे गेहूँ की कड़ाई से जांच करें और मानक स्तर का गेहूँ ही खरीदें। केंद्रों पर गेहूँ की साफ-सफाई के लिए अनिवार्य रूप से छन्ना-पंखा लगवाएं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त। तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा और सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने उपार्जित किये गये गेहूँ के भुगतान की धीमी प्रक्रिया पर नाराजगी जाहिर करते हुये किसानों को शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश दिए। साथ ही सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला आपूर्ति अधिकारी को उपार्जन केन्द्रों में परिवहन में आ रही बाधाओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्हों्ने कहा कि गोदाम स्तर पर की जा रही गेहूँ खरीदी के दौरान अनाज को सुरक्षित तरीके से गोदामों के भीतर रखवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने उपार्जित चना और मसूर का तत्काल परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ई-विकास प्रणालीसे खाद का वितरण नहीं करने पर विलायतकला पैक्स के समिति प्रबंधक की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पूर्व में नियम विरूद्ध उर्वरक का विक्रय करने वाले विक्रेताओं एवं समितियों को जारी कारण बताओ नोटिस का समाधानकारक जवाब नहीं देने वालों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में ई-विकास प्रणाली से ही खाद का वितरण सुनिश्चित हो।

कलेक्टर ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत 1 मई से शुरू हुये मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही जिन जनगणना ब्लॉकों में अभी तक मकान सूचीकरण का कार्य शुरू नहीं हो



सका है वहां शीघ्र ही कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्ट र ने निर्देशित किया की मकान सूचीकरण का डाटा फ्रीज करने से पहले सुपरवाइजर डाटा का खुद सत्यापन करें।

#### सोलर पंप योजना की करें लक्ष्यपपूर्ति

मुख्यामंत्री सोलर पंप योजना की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि ने बताया कि 559 के लक्ष्यी के विरूद्ध अब तक 509 किसानों ने पैसा जमा कर दिया है और अब तक 58 किसानों के यहां सोलर पंप स्था पित किये जा चुके हैं। जिस पर कलेक्टंर ने शेष किसानों के यहां भी शीघ्र सोलर पंप स्था पित कर लक्ष्यर पूर्ति के निर्देश दिये।

#### सीएम हेल्पेलाइन की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने खाद्य, स्वास्थ्य, साइंस एण्ड टेक, महिला एवं बाल विकास, राजस्वर, कलेक्ट्रेट शाखा, नजूल, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरीय निकाय, कृषि, सामाजिक न्याय आदि विभागों में 100 दिवस से लंबित सीएम हेल्पूलाइन शिकायतों की समीक्षा की और इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

#### समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायतों को समग्र-ईकेवाईसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही समग्र सुधार के प्रकरणों को भेजने से पूर्व सावधानी से जांच करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री के मामले में तहसीलवार समीक्षा की और बहोरीबंद तहसीलदार को फार्मर रजिस्ट्री कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी तहसीलदार पटवारी से प्रमाण पत्र लें कि उनके हल्के में पीएम किसान योजना का अब कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं है। श्री तिवारी ने तहसीलों में डिजिटाइजेशन प्रक्रिया और 7वीं लघु सिंचाई संगणना की भी समीक्षा की। उन्होंने नामांकन, बंटवारा और सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुये 3 से 6 माह तक के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान सभी विभागों को दिये गये दायित्वों के अनुरूप कार्यों की इंट्री पोर्टल में कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही कहा गया कि सभी विभाग निर्देशानुसारएवं प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार कार्य करें। श्री तिवारी ने सीएमएचओ को आयुष्माजन कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने जन्मआ-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा की।

#### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

बैठक के दौरान संयुक्ते कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, सभी एसडीएम, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सहायक आयुक्त आदिम जाति विमल चौरसिया, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी, सहायक संचालक मत्स्योद्योग आशीष नायक, जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, महाप्रबंधक उद्योग ज्योर्ति चौहान, जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्तास, सिविल सर्जन यशवंत वर्मा, लोकसेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्विकर्मा, उपसंचालक कृषि अरूणिमा सेन अयंगर सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।

---

**भाजपा की मासिक जिला बैठक में दिया गया मार्गदर्शन**

## संगठन की मजबूती पर दिया जोर, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित मासिक जिला बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन एवं जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने कार्यकर्ता, पदाधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण तथा नमन के पश्चात बैठक प्रारम्भ हुई।

इस दौरान जिला पदाधिकारियों, मंडल प्रभारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ व्यापक संवाद कर आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने



कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी मजबूती के दम पर पार्टी हर चुनौती का सामना करती है। उन्होंने कहा कि मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय और सुदृढ़ करना समय की आवश्यकता है। हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। यदि बूथ मजबूत होगा तो संगठन अपने आप मजबूत होगा। हमें नियमित बैठकों, जनसंपर्क अभियान और सेवा गतिविधियों के माध्यम से जनता के बीच अपनी उपस्थिति और विश्वास दोनों को मजबूत करना होगा। जिलाध्यक्ष श्री टंडन ने आगे कहा कि आने वाले कार्यक्रमों को केवल औपचारिकता न मानते हुए उन्हें मिशन मोड में क्रियान्वित किया जाए, ताकि संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने अपने संबोधन में कहा कि यह बैठक केवल समीक्षा का मंच नहीं, बल्कि संगठन की ऊर्जा को नई दिशा देने का अवसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रवास बढ़ाएं और मंडल स्तर पर सतत संपर्क बनाए रखें। संगठन की मजबूती संवाद, समन्वय और सतत सक्रियता से ही संभव है। हमें हर बूथ तक पहुंच बनाकर आमजन की अपेक्षाओं को समझना और उनके समाधान के लिए तत्पर रहना होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा समयबद्ध तरीके से तैयार कर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

---

### तहसील न्यायालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में तहसील न्यायालय ढीमरखेडा के प्रांगण में सोमवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में उपस्थित पक्षकारों को विस्तारपूर्वक जानकरी दी। उन्होंयने बताया कि नेशनल लोक अदलत में सिविल, आपराधिक, मोर्टर दुघटना से संबंधित राजीनामा योग्यी प्रकरणों का आपसी सुलह से निराकरण किया जाएगा। न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि जिन नागरिकों के मामले न्यायालय में लंबित है, वे मामले को आपसी राजीनामा से निराकरण कराये जाने हेतु न्यायालय में संपर्क कर सकते है। साथ ही जिन लोगों के छोटे-मोटे आपसी विवाद वाले मामले जो न्यायालय तक अभी नहीं पहुंच पाये है, ऐसे व्यक्ति भी प्री-लिटिगेशन प्रकरण के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करा सकते है।

---

## कोठी के किसान बनें गांव के रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी के एक साधारण किसान रामदास बैगा ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सही तकनीक और सहयोग मिले, तो छोटी सी जमीन से भी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। खेती को लाभ का धंधा बनाने के संकल्प के साथ उन्होंने अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

#### चुनौतियों से नवाचार की ओर बढ़े रामदास बैगा

पारंपरिक खेती करने वाले रामदास बैगा की आय पहले बहुत सीमित और अनिश्चित थी। उनके पास संसाधन तो थे, लेकिन आधुनिक और लाभकारी खेती का ज्ञान नहीं था। जीवन में असली बदलाव तब आया जब पिछले वर्ष जून माह में नाबार्डके सहयोग से ₹मानव जीवन विकास समिति₹ ने उनका हाथ थामा।मानव जीवन विकास समिति द्वारा रामदास को 150 किलो अदरक और 100 किलो हल्दी के उन्नत बीज उपलब्ध कराए गए। साथ ही उन्हें रासायनिक खादों के बजाय गोबर खाद, जीवामृत और प्राकृतिक कीटनाशकों का उपयोग करने का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

#### 82 हजार की हुई आय

रामदास की मेहनत और जैविक पद्धति के कारण उत्पादन और मुनाफा दोनों बढ़ गए। जैविक खेती से उन्हें 5 क्विंटल अदरक का उत्पादन प्राप्त हुआ। अदरक का वर्तमान बाजार भाव 80 रूपये प्रति किलो है, जिससे उन्हेंत लगभग 40 हजार की आय हुई। इसी प्रकार लगभग 7 क्विंटल हल्दी का उत्पादन हुआ। हल्दी वर्तमान में 60 रूपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है, जिससे उन्हेंद लगभग 42 हजार रूपये की आय हुई।

रामदास की फसलों की खास बात यह है कि ये पूरी तरह केमिकल फ्री है। जैविक उत्पादन होने के कारण उन्हें बाजार में न केवल बेहतर दाम मिले, बल्कि ग्राहकों के बीच उनकी उपज की मांग भी बढ़ी। आज वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर अपने परिवार को एक बेहतर जीवन दे पा रहे हैं।

#### जैविक खेती से कम लागत में अधिक लाभ

रामदास कहते हैं कि ₹नाबार्ड और मानव जीवन विकास समिति के मार्गदर्शन ने मेरी सोच बदल दी। जैविक खेती कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली तकनीक है। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं के सहयोग, मार्गदर्शन और समय पर मिले संसाधनों के कारण ही वे आज आत्मनिर्भर बन पाए हैं।इसके लिये "मानव जीवन विकास समिति" एवं नाबार्ड का हृदय से धन्यवाद।

---

### 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत 14 किमी नहरों की हुई सफाई

**कटनी।** वर्षा ऋतु से पूर्वजल भंडारण क्षमता को बढ़ाने और जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 19 मार्च से 30 जून जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण और सुधार के लिए जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन ने बताया कि अभियान के तहत अब तक कुल 14 किलोमीटर लंबाई में नहरों की साफ-सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही 7 लघु जलाशयों के बंड (पाल) की सफाई और 5 जलाशयों में पिचिंग सुधार का कार्य संपन्न हो चुका है। वहीं 5 किलोमीटर नहरों की आवश्यक मरम्मत के साथ ही 1 जलाशय में बांध से हो रहे सीपेज (रिसाव) को रोकने का कार्य किया गया है। 26 किलोमीटर अतिरिक्त नहरों की सफाई और 10 किलोमीटर नहरों की मरम्मत की जाएगी।4 और जलाशयों में सीपेज सुधार तथा 3 जलाशयों में पिचिंग कार्य प्रस्तावित है। 10 जल संरचनाओं के किनारों से अतिक्रमण हटाने वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।

---

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में डिप्लोमा कोर्स के लिए 29 मई तक होंगे रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

तकनीकी शिक्षा की ओर कदम बढ़ाने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अब ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। कॉलेज के प्राचार्य नरेन्द्र बड़खेडकर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण के तहत ऑनलाइन पंजीयन 4 मई 2026 से शुरू हो चुका है, जो 29 मई 2026 की रात्रि 11:45 बजे तक जारी रहेगा। अभ्यर्थियों को पंजीयन के बाद त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा, जो 30 मई से 31 मई 2026 शाम 5:30 बजे तक उपलब्ध रहेगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग जैसे प्रमुख पाठ्यक्रमों में आवेदन कर सकते हैं। वहीं, च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया 15 मई से 2 जून 2026 तक संचालित होगी, जिसमें छात्र अपनी पसंद के संस्थान और शाखा का चयन कर सकेंगे।

प्रवेश प्रक्रिया के अगले चरण में 3 जून 2026 को कॉमन मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद प्रथम चरण में चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश 8 जून से 13 जून 2026 तक संबंधित संस्थान में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, द्वितीय चरण की प्रक्रिया 9 जून 2026 से प्रारंभ होगी, जिससे वे अभ्यर्थी भी अवसर पा सकेंगे जो पहले चरण में शामिल नहीं हो पाए हैं।

कॉलेज प्रबंधन ने सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन, च्वाइस फिलिंग और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी संबंधित ऑनलाइन पोर्टल या संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

---

**आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**

## समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण नहीं हुआ तो करेंगे उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्यप्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ इकाई कटनी ने अपनी लंबित मांगों और विभागीय अव्यवस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। सोमवार को संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने कटनी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निजी एजेंसियों की मनमानी और प्रशासनिक अनदेखी को समाप्त करने की मांग की गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

#### अधिकारों से रखा जा रहा वंचित

ज्ञापन में बताया गया है कि ये कर्मचारी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों में भी अपनी सेवाएं दे रहे




हैं। इनमें डाटा एंट्री ऑपरेटर, सपोर्ट स्टाफ, ऑक्सीजन टेक्नीशियन, वार्ड बॉय, सुरक्षाकर्मी और सफाई मित्र जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हजारों युवा शामिल हैं। संघ का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद इन कर्मचारियों को बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा जा है।

संघ ने अधिकारियों और निजी एजेंसियों के बीच कमीशनखोरी का गंभीर आरोप लगाया है। कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कई महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

कर्मचारियों के अनुसार, शासन द्वारा स्वीकृत 20,000 से 25,000 रुपये के मानदेय के मुकाबले उन्हें केवल 5,000 से 12,000 रुपए ही दिए जा रहे हैं। शेष राशि की प्रशासनिक और ठेकेदारी स्तर पर बंदरबांट होने का आरोप है, जिसे अनुचित कटौती और शोषण बताया गया है।

#### सेवा नियमों का पालन नहीं

आउटसोर्स कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि वर्तमान व्यवस्था में न तो सेवा नियमों का पालन हो रहा है और न ही न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया गया है।

उनकी मुख्य मांगों में लंबित वेतन का तत्काल भुगतान, न्यूनतम वेतन और मानदेय वृद्धि को सख्ती से लागू करना, मनमानी करने वाली निजी एजेंसियों को तत्काल ब्लैकलिस्ट कर कठोर कार्यवाही करना और सामाजिक सुरक्षा के मापदंड तय करना शामिल है।

---

## घर-घर जाकर किया जा रहा है मकान सूचीकरण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनगणना-2027 के तहत जिले में 30 मई तक मकान सूचीकरण कार्य किया जा रहा हैं। जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होना है। मकान सूचीकरण का कार्य पेपर फॉर्म के बजाय मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए डेटा फीड करने का कार्य कर रहे हैं। जिससे जानकारी सटीक रहेगी और गणना कार्य में तेजी आएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने आमजन से अपील की है कि जब प्रगणक आपके घर आएं, तो उन्हें सही और सटीक जानकारी देकर सहयोग प्रदान करें।

#### क्या पूछा जायेगा

मकान सूचीकरण कार्य में शासन की ओर से अधिकारीगण आपके घरों पर उपस्थित हो कर कुछ सामान्य जानकारियां आपसे प्राप्त करेंगें। जैसे कि आपका भवन कैसा है, परिवार में कितने सदस्य हैं, परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, शौचालय/बाथरूम, गैस कनेक्शन, रेडियो/टीवी, कैबल कनेक्शन, साईकिल/मोटर साईकिल/कार, खाये जाने वाला मुख्य अन्न, मोबाईल नम्बर आदि।

#### क्या नहीं पूछा जायेगा

जिले में 30 मई तक किये जाने वाले मकान सूचीकरण कार्य में आधार कार्ड नम्बर, पैन कार्ड नम्बर, बैंक की जानकारी तथा किसी भी प्रकार का ओ.टी.पी. नहीं मांगा जायेगा। जानकारी देते समय अत्यधिक सावधानी बरते तथा आने वाले अधिकारी का पहचान पत्र जरूर चैक कर लेवें।

**खबर संक्षेप**

### सिंघई अनिल जैन (अन्नू) पवई की हृदयाघात से मौत



**पवई।** नगर परिषद पवई वार्ड क्रमांक 09 निवासी सहज और सरल स्वभावी सिंघई अनिल कुमार जैन अन्नू पिता स्व0 सिंघई मूलचन्द्र के छोटे सुपुत्र का निधन 2 - 3 मई की मध्य रात्रि में अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया जिनकी अन्त्येष्टि 03 मई 2026 को पतने नदी किनारे मुक्ति धाम पवई में सैकड़ों नगर वासियों परिजनों एवं रिस्तेदारों की उपस्थिति मे किया गया उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना जैन पुत्र निखिल जैन मीनल जैन (ईसू) ,आशिका जैन ( बीसू ) बडी मम्मी श्रीमती हर्षलता स्व0 सिंघई नरेन्द्र कुमार जैन , श्रीमती सुधा सिंघई महेन्द्र कुमार जैन ,श्रीमती नीता सिंघई विजय कुमार जैन एसीसी ,श्रीमती अनीता स्व0 सिंघई बीरेन्द्र कुमार जैन ,श्रीमती मुलायम सिंघई ज्ञान चन्द्र जैन ,स्व0 श्रीमती निशा सिंघई अजित कुमार जैन पत्रकार ,स्व0 श्रीमती संगीता सुनील कुमार जैन शिक्षक ,श्रीमती अनीता (गुडिया) सिंघई सुरेन्द्र कुमार जैन ,एवं भतीजे सतेन्द्र कुमार जैन (बडे भैया) , नितिन जैन रानू , विवेक जैन सचिन जैन लकी ,विपिन जैन निक्की ,अनुन्जय जैन ,अर्पित जैन ,आकाश जैन ,अभिमन्यु जैन , अंशुल जैन सहित समस्त पटवारी परिवार एवं परिजन नगरवासी शोक मे हैं। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम पवई मे सम्पन्न हुआ ।

### थाना प्रभारी यातायात ने की मोडीफाई बुलट साइंलेन्सरों पर कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडूए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती बंदना सिंह चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार के द्वारा यातायात स्टाफ के साथ पन्ना शहर की ट्राफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिये पन्ना शहर के बड़ा बाजार, कटरा बाजार में पैदल भ्रमण कर अव्यवस्थित व नो पार्किंग खड़े वाहनों को हटवाया जाकर उनमें व्हीकल लॉक लगाए गए तथा 20 वाहनों पर कार्यवाही कर 5000 रूपये जुर्माना वसूल किया गया साथ ही आमजनों को व्यवस्थित तरीके से वाहन पार्किंग में ही खड़े करने की समझाइश दी गई एवं शहर में 05 वाहन चालको के विरूद्ध मोडीफाई बुलट साइंलेन्सरों को हटवाये जाकर भेज कार्यवाही की गई। और पन्ना नगर वासियों को स्वयं बुलेट मैं से मोडिफाइड साइलेंसर हटाने की अपील की गई। स्थानीय लोगों ने यातायात प्रभारी से नावालिग चालकों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## खरीदी केंद्रों पर दिखा बदलाव, किसानों ने खरीदी व्यवस्था पर संतोष जताया

# अन्नदाताओं को खरीदी केंद्रों पर भटकना न पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



जिले के कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने समर्थन मूल्य पर चना और गेहूं की खरीदी व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बटियागढ़ और बक़ायन खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बोरी तुलाई पर कलेक्टर श्री यादव ने देखा बोरी का वजन कराया।

कलेक्टर श्री यादव ने खरीदी केंद्र बकायन और बटियागढ़ का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान किसानों से चर्चा की किसानों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें खरीदी में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो रही है व्यवस्था में आज बदलाव देखा गया किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आ रही थी कह रहे थे कि कलेक्टर साहब स्वयं देखरेख कर रहे हैं अब हमें खरीदी केंद्रों पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं है, व्यवस्थाओं में बदलाव और सुधार हुआ है। कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से अलग ले जाकर चर्चा भी की तब भी किसानों ने व्यवस्था पर संतोष जताया। उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होने कहा, अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्हें खरीदी केंद्रों पर भटकना न पड़े और सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे छाया, पानी और समय पर तुलाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि कलेक्टर के फेसबुक पेज के माध्यम से किसानों की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इनमें समय पर तुलाई न होना, ओटीपी न आना और पावती न मिलना जैसी समस्याएं शामिल थीं। इन शिकायतों के आधार पर जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन करने के लिए यह निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि कुछ व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, जैसे तुलाई और वजन की प्रक्रिया सही तरीके से हो रही है तथा छाया की व्यवस्था भी उचित है। हालांकि, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी और किसानों को समय पर पर्ची नहीं मिल पा रही थी। इस पर उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय पर पर्ची उपलब्ध कराई जाए और सभी तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने कमिश्नर फूड कर्मवीर शर्मा से भी चर्चा की। कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट प्राप्त होते ही तकनीकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा, जिससे किसानों को ओटीपी समय पर प्राप्त हो सके और उनका पंजीयन सुचारू रूप से हो।

उन्होने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं सुचारू रहे। खरीदी केंद्रों पर छाया एवं पेयजल का अभाव देखा गया जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।

## प्राकृत भाषा भारतीय संस्कृति की शान



### प्राकृत शिक्षण शिविर का भव्य स्वागत शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

प्राकृत भाषा को सुरक्षित रखने हेतु आयोजित आठ दिवसीय शिक्षण शिविर का आज जैन समाज द्वारा प्राकृत भाषा के शिविर का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य प्राचीन जैन साहित्य की मूल भाषा प्राकृत को समझना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण, मंगल कलश स्थापना, मंगलाचरण आदि क्रियाओं के साथ हुई, जिसमें उपस्थित समाज के वरिष्ठ लोग एवं महिलाएं, बच्चे सभी लोगों ने धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इसके बाद वक्ताओं में पंडित सुबोध जैन शास्त्री एवं सार्थक जैन शास्त्री ने प्राकृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह भाषा न केवल जैन धर्म का आधार है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों और श्रद्धालुओं को प्राकृत भाषा की मूल बातें सिखाई जाएंगी, जिससे वे जैन आगम और प्राचीन ग्रंथों को सीधे समझ सकें। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं आयोजकों ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर से जुड़ने का आग्रह किया। अंत में सभी ने इस शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया और कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

## रुक्मणी विवाह महोत्सव का किया वर्णन



**हटा।** सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में श्रीमती विमला परसोत्तम पन्या परिवार के सान्निध्य में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में गूंजते हरिनाम संकीर्तन एवं भक्तिमय भजनों ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। कथा व्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी ने रुक्मणी विवाह का अत्यंत भावपूर्ण एवं अलौकिक वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी जी भगवान श्रीकृष्ण की परम अनन्य भक्त थीं। उनका हृदय पूर्णतः श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित था। जब उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से निश्चित किया तब रुक्मणी जी ने श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर उन्हें अपनी रक्षा हेतु आमंत्रित किया। पंडित शास्त्री जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना एवं भक्तों की रक्षा के लिए रुक्मणी हरण कर विधिवत विवाह संपन्न किया। यह विवाह केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि भक्ति, समर्पण और प्रेम की परम पराकाष्ठा का दिव्य प्रतीक है। रुक्मणी जी की अटूट श्रद्धा और विश्वास ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चे हृदय से की गई भक्ति अवश्य ही भगवान तक पहुंचती है। कथा के दौरान रुक्मणी विवाह का सजीव चित्रण किया गया, जिसमें श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरा पंडाल "जय श्रीकृष्ण" और "राधे-राधे" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। वातावरण ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं माधवपुर ग्राम में दिव्य विवाह उत्सव का आयोजन हो रहा हो।

## तेंदूखेड़ा की पहली महिला डॉक्टर बनीं डॉ. ज़ेबा खान



**तेंदूखेड़ा।** नगर के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि नगर की बेटी डॉ. ज़ेबा खान ने चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। वे तेंदूखेड़ा की पहली महिला डॉक्टर बनकर उभरी हैं, जिससे पूरे नगर में खुशी और उत्साह का माहौल है। डॉ. ज़ेबा खान, जिन्हें स्नेहपूर्वक "सोन परी" के नाम से भी जाना जाता है, जिला दमोह के तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड नंबर 7 की निवासी हैं। उनके पिता डॉ. अजीज खान और माता श्रीमती रिजवाना ने उनकी शिक्षा और सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परिवार के सहयोग और मार्गदर्शन के साथ-साथ ज़ेबा खान की मेहनत, लगन और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है। उन्होंने पीपुल्स यूनिवर्सिटी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर अपने परिवार और नगर का नाम रोशन किया है। डॉ. ज़ेबा खान की सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि दृढ़ संकल्प और मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। नगरवासियों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

## सच्ची मित्रता में पद, प्रतिष्ठा और धन का कोई स्थान नहीं: पं. हरि किशन दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम गुबरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में अंतिम दिवस की कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि "सच्ची मित्रता वह है जहाँ पद, प्रतिष्ठा और धन का कोई स्थान नहीं होता, बल्कि केवल प्रेम और समर्पण का भाव होता है।" उक्त विचार संस्कारधानी जबलपुर के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. हरि किशन दुबे ने ग्राम गुबरा कला में व्यक्त किए। ज्ञात हो कि यह कथा ग्राम के पूर्व सरपंच नन्दी लाल के निवास पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा आयोजित की गई थी कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण ने अपने निर्धन मित्र सुदामा को जिस आत्मीयता से अपनाया, वह सच्ची मित्रता का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने मित्र के दुख में दुखी नहीं होता, वह सबसे बड़ा पापी है। कथा के माध्यम से समाज को निस्वार्थ भावना, नैतिकता और मानवीय मूल्यों पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के 16108 विवाहों के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि ये पत्नियाँ उपासना कांड के श्लोक, उपनिषद और प्रकृति के आठ स्वरूपों का प्रतीक हैं, जो संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार के रूप में दर्शाते हैं। इसके साथ ही राजा नृग की कथा के जरिए संतों की संपत्ति का सम्मान करने का संदेश दिया गया।

### फूलों की होली के साथ भव्य समापन

कथा के विश्राम दिवस पर परीक्षित मोक्ष के प्रसंग के पश्चात 'फूलों की होली' उत्साहपूर्वक मनाई गई। भजनों और पुष्पवर्षा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ साप्ताहिक आध्यात्मिक आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा पर हुई व्याख्यान माला



**तेंदूखेड़ा।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय व्याख्यान माला संवाद योजना का आयोजन शास. उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल तेंदूखेड़ा में किया गया। कार्यक्रम में सीएमसीएलडी (CMCLD) के छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में आरुष किड्स अकेडमी हायर सेकण्डरी स्कूल के प्राचार्य कपिल गोटिया उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति, रीति-रिवाज एवं परंपराओं से जुड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को समाप्त करने की बात रखते हुए भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन से उदाहरण प्रस्तुत किया कि उन्होंने कभी किसी के साथ जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया। और आदि गुरु शंकराचार्य के विचारों को जन-जन तक पहुंचने का समस्त छात्राओं व समस्त परामर्शदाताओं ने संकल्प लिया क कार्यक्रम का उद्देश्य जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक दीपचंद मालवीय द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष रेकवार एवं अंत में आभार प्रदर्शन धर्मदास पाल द्वारा किया गया। है कार्यक्रम में सीएमसीएलडी कोर्स परामर्श दाता दीपेश कटारे , जितेन्द्र विश्वकर्मा, संदीप साहू छात्र, राजेश सिंह, संतोष सिंह, उमाकांत राय, प्रेमलता विश्वकर्मा, कुमकुम असाटी सहित छात्र छात्राएं सम्मलित हुए।

## कुएं में गिरे दो जंगली सुअरों को किया रेस्क्यू



**दमोह।** सागर जिले के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन परिक्षेत्र सिगपुर के ग्राम हिनौती में आज 04 मई को प्रातःकाल एक महत्वपूर्ण वन्यजीव रेस्क्यू अभियान संचालित किया गया। ग्रामीणों द्वारा खेत में बने कुंए में दो जंगली सुअर के गिरने की सूचना टाइगर रिजर्व प्रबंधन को को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही टाइगर रिजर्व प्रबंधन तुरंत हरकत में आया और रेस्क्यू दल तत्काल मौका स्थल पर पहुंचा। मौके पर पाया गया कि दो नर जंगली सुअर जीवित अवस्था में कुंए में गिरे हुए है। रेस्क्यू दल द्वारा जाल की सहायता से दोनो जंगली सुअर को सुरक्षित कुंए से बाहर निकाला गया। बाहर निकलने पर दोनो सुअर जंगल की ओर भाग गए। उक्ताशय की जानकारी वनमंडल अधिकारी सागर द्वारा दी गई।

## जनगणना 2027 का प्रथम चरण 20 मई तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य

**दमोह।** जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्य 1 मई से प्रारंभ हो गया है, जो 30 मई तक संचालित रहेगा। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। उन्होंने कहा, पूरे जिले में 2524 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं, जो घर-घर जाकर डेटा संग्रह का कार्य करेंगे। इनके कार्य की निगरानी के लिए 451 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं, जहां प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी तय की गई है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि कार्य के प्रभावी संचालन हेतु जिले में 15 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह जिम्मेदारी तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को दी गई है, जबकि नगरीय क्षेत्रों में CMO स्तर के अधिकारी इस कार्य को देखेंगे। उन्होंने बताया कि संपूर्ण प्रक्रिया की सुचारू निगरानी के लिए जिला स्तर पर जनगणना प्रमुख नियुक्त किया गया है और प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि 20 मई तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जाए। कलेक्टर श्री यादव ने आम नागरिकों से अपील की है कि जब प्रगणक उनके घर पहुंचे, तो वे उनके पहचान पत्र (आईडी कार्ड) की जांच कर लें और सही व पूर्ण जानकारी प्रदान करें। यह कार्य देशहित और विकास योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## भागवत कथा का तीसरा दिन: धैर्य, भक्ति और सम्मान का दिया संदेश



**बनवार।** समीपी गांव लड़ाई में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा। कथा व्यास पं. उमाशंकर शास्त्री ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रोताओं को जीवन के गूढ़ संदेशों से अवगत कराया। कथा के दौरान शास्त्री जी ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले यह अवश्य विचार करना चाहिए कि वहां आपका सम्मान है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कहीं अपने गुरु या इष्ट के अपमान की आशंका हो, तो वहां जाना उचित नहीं—चाहे वह स्थान अपने ही पिता का घर क्यों न हो। उन्होंने सती चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान शिव की आज्ञा की अवहेलना कर सती जब अपने पिता के घर गईं, तो वहां अपमानित होने पर उन्हें आत्मदाह करना पड़ा। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने सम्मान और आत्मसम्मान की महत्ता समझाई। आगे ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए शास्त्री जी ने बताया कि राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव को उनकी सौतेली माता सुरुचि द्वारा अपमानित किया गया, लेकिन उनकी माता सुनीति ने धैर्य और संयम का परिचय दिया, जिससे बड़ा संकट टल गया। उन्होंने कहा कि परिवार को एकजुट बनाए रखने के लिए धैर्य और संयम अत्यंत आवश्यक हैं। भक्त ध्रुव की तपस्या का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति के लिए कोई आयु सीमा नहीं होती। बचपन में ही बच्चों को संस्कार और भक्ति की प्रेरणा देनी चाहिए, क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है, जिसे जैसा चाहें वैसा आकार दिया जा सकता है। कथा के दौरान बलराम जी महाराज ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त करता है। उन्होंने बताया कि ध्रुव की अटूट भक्ति, सत्कर्म और श्रद्धा के कारण ही उन्हें वैकुंठ लोक की प्राप्ति हुई। महाराज ने यह भी कहा कि जब-जब संसार में पाप बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि कलयुग में भी यदि भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग का अनुसरण किया जाए, तो जीवन सफल हो सकता है। अंत में उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत में पापों से मुक्ति का सर्वोत्तम उपाय प्रायश्चित बताया गया है, जिसे अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को सुधार सकता है। कथा स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का रसपान करते नजर आए।

# गरीब छात्रों पर बोझ: रोज 700 रुपये खर्च कर देना होगा पेपर

### सुबह 3:30 बजे निकलते हैं छात्र, फिर भी समय पर पहुंचना मुश्किल

**तेंदूखेड़ा ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित 'द्वितीय अवसर' परीक्षा के तहत तेंदूखेड़ा विकासखंड के तारादेही, समनापुर, सर्रा एवं अजीतपुर गांवों के सैकड़ों विद्यार्थियों को गंभीर परिवहन समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन सभी गांवों के परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय दमोह में निर्धारित किए गए हैं, जो उनके निवास स्थान से लगभग 70 से 80 किलोमीटर दूर स्थित है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि इन गांवों से दमोह तक पहुंचने के लिए कोई सीधी परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है। विद्यार्थियों को पहले 25-30 किलोमीटर दूर तेंदूखेड़ा तक निजी साधनों जैसे ऑटो या टैम्पो से पहुंचना पड़ता है, इसके बाद वहां से बस या टैक्सी बदलकर दमोह जाना होता है। इस पूरी यात्रा में एक तरफ से ही तीन से चार बार वाहन बदलने पड़ते हैं, जिससे समय और धन दोनों का अत्यधिक व्यय हो रहा है। परीक्षा का समय प्रातः 9 बजे निर्धारित है, जबकि विद्यार्थियों को सुबह 3:30 बजे ही घर से निकलना पड़ रहा है। इसके बावजूद समय पर परीक्षा केंद्र पहुंच पाना सुनिश्चित नहीं है। प्रतिदिन आने-जाने में लगभग 600 से 700 रुपये तक का खर्च आ रहा है, जो अधिकांश किसान एवं मजदूर परिवारों के लिए अत्यंत कठिन है। छात्राओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जिन्हें अंधेरे में सुनसान मार्गों से होकर यात्रा करनी पड़ रही है। सुरक्षा कारणों से अभिभावकों को साथ जाना पड़ता है, जिससे उनकी दैनिक मजदूरी भी प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही भीषण गर्मी लगभग 45 डिग्री तापमान में प्रतिदिन 150-160 किलोमीटर की यात्रा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। अभिभावकों और




विद्यार्थियों में इस व्यवस्था के प्रति गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि 'द्वितीय अवसर' परीक्षा, जो विद्यार्थियों के लिए अंतिम उम्मीद होती है, वह अव्यवस्था के कारण असफलता में परिवर्तित हो रही है। कई विद्यार्थी केवल परिवहन अभाव के कारण परीक्षा छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। अभिभावकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए दो प्रमुख समाधान सुझाए हैं—पहला, तरादेही एवं सर्रा से दमोह तक परीक्षा विशेष बस सेवा प्रारंभ की जाए; दूसरा, तेंदूखेड़ा में ही उप-परीक्षा केंद्र स्थापित किया जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी, दमोह के अनुसार परीक्षा केंद्रों का निर्धारण मंडल स्तर से किया गया है, किंतु स्थानीय स्तर पर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा सकते हैं।

यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो यह समस्या सैकड़ों विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। प्रशासन से अपेक्षा है कि वह संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करे।

## काव्य कृति विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न




**दमोह।** विगत दिवस मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई दमोह द्वारा होटल मंगलम के सभागार में काव्य कृति विमोचन सम्पन्न हुआ। दमोह इकाई द्वारा प्रकाशित वरिष्ठ कवि पत्र गोविन्द मकरंद दुबे की कृति कांटे कचनार हुए गति संग्रह के विमोचन संगोष्ठी अध्यक्ष सत्य मोहन वर्मा, मुख्य अतिथि अभय तिवारी, विशिष्ट अतिथि कुंदन सिद्धार्थ जबलपुर रहे। दीप प्रज्वलन अतिथि सरकार उपरान्त इकाई अध्यक्ष रमेश तिवारी ने कृति और कृतिकार पर सामासिक वक्तव्य में कहा कि कृतिकार की प्रथम कृति ओस और आसू 1967 में सृजन संस्था दमोह द्वारा प्रकाशित हुई थी। उसके बाद मकरंद दुबे का गति लेखन चलता रहा। जो सत्तर के दशक में चलित गति शैली का अनुगामी सिद्ध हुआ। उसकी संग्रह का प्रकाशन अब संभव हो पाया। विशिष्ट अतिथि, कुंदन सिद्धार्थ ने कृति पर अपने आलेख मे कहा कि कॉटे कचनाए हुए भावप्रवण और हृदयस्पर्शी गीत संग्रह है। 50 वर्ष पूर्व लिखे गये गीत आज भी उतने ही प्रासंगिक और समकालीन है जितने तब थे। गीतों में कवि ने हमारे समाज हमारे आस पास की सच्चाई को कितनी प्रामाणिकता के साथ हमारे सम्मुख रखा है सच के पास सफेदी कम है पास झूठ के अधिक सियाही थी जिसकी आवाज तेज सच उसकी मानी गई गवाही अलग-अलग भाव भंगिमाओं से संपन्न है यह गति संग्रह पठनीय है। मुख्य अतिथि अभय तिवारी ने कहा कि मकरंद दुबे के गीत संग्रह के गति भले पचास वर्ष पूर्व लिखें गये हो किन्तु उनका सामाजिक सरोकार प्रकृति और मनुष्य के बीच व्याप्त विसंगतियों का व्यवस्थित लेख जोखा गीतों की लय में प्रवहमान हो रहा है। धरती करे निवेदन मौसम करे सिफारिश। फिर क्यों न हो खुशी की, वे रोक-टोक बारिश, परिवेश और परिप्रेक्ष्यगत वातावरण को आत्मसात कर गीतों में लय प्रवाह में आबद्ध यह गीत सृजन मकरंद दुबे के काव्य कौशल को उजागर करता है। कृतिकार गोविन्द मकरंद दुबे ने आत्म विभोर होकर कहा रसो वै सः रस ही ईश्वर है। कविता का रस ब्रहम है। ब्रह्मानंद को भी काव्यानंद के तुल्य माना गया है। संग्रह के गति पचास वर्ष पुराने है तथा उस काल खंड में लिखे जाने वाले नवगीतो-गीतो की तरह विविध बिम्बो और मानवीकरण के भावों से आपूरित है क्योंकि कविता कालजयी होती है। नित आनंदमयी होती है। वा संगति गति बनती है गीतों को दुनिया गाती है। कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यमोहन वर्मा ने कहा कि कविता स्वयं की अनुभूतियां जब सार्वजनिक हो जाती है वह कविता है कविता हमारी जिंदगी का वो पर्दा है जिसे हम निरंतर छिपाते है। इसी कौशल और समर्थता को स्थापित करने वाले मकरंद के गीत इस संग्रह में है, जो बताते है कि समय की दीवार पर उकेरे हुए शब्द चित्रों को बाचे बिना इस गीतों की रचना संभव नहीं थी। गति शिल्प की सम्प्रेषणीयता से गीतो की आत्मा तक सहजता से पहुँचा जा सकता है। दृष्टव्य है लिया मौत से कर्ज, जन्म से बड़ी भूल की है। जीवन भर उसने पाई पाई बसूल की है। यह क्या कम साहस, हम हंसना भूल नहीं पाये। कॉटे है जीवन में तो, क्या फूल नहीं पाये। मकरंद ने अपने गीतों में अनुभूति को सच्चाई के साथ अपनी संवेदनाओं को संजोया है द्वितीय सत्र में मंचासीन अतिथियों व कृतिकार द्वारा कविता पाठ किया जाकर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर के साहित्यकार, पत्रकार गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इकाई सचिव मानव बजाज द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

**खबर संक्षेप**

## अनिल जैन को जिला कार्यक्रम अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

**दमोह।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला दमोह में पदस्थ जिला कार्यक्रम अधिकारी जयवंत सिंह वर्मा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हो गए । कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, जिला कार्यक्रम अधिकारी के रिक्त पद के मद्देनजर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला दमोह का संपूर्ण प्रभार वरिष्ठ सहायक संचालक अनिल जैन को आगामी आदेश तक सौंपा गया है।

## इंदिरा ज्योति यात्रा चलो रामराज्य की ओर का आगमन आज

**दमोह।** जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों, मंडलम अध्यक्षों, मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों विभागों के अध्यक्ष से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल एवं इंदिरा ज्योंति यात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष मनु मिश्रा ने अनुरोध किया है कि सुप्रसिद्ध विचारक सम्यक अभियान के प्रमुख भास्कर राव रेकड़े के नेतृत्व में इंदिरा ज्योंति यात्रा व महात्मा गांधी की अवधारणा के अनुरूप चले रामराज्य की ओर अभियान संकल्प यात्रा का आगमन सागर से चलकर 5 मई को साय 4:30 बजें दमोह आगमन हो रहा है उनकी रथयात्रा का भव्य स्वागत सागर नाका, तीन गुल्ली, स्टेशन चैक, राय चैराहा, घंटाघर से होकर अम्बेडकर चैक पर समापन होगा। यात्रा में उनके साथ पूर्व मंत्री, पी.सी. शर्मा, पूर्व सांसद सुरेंद्र सींग ठाकुर भी आयेगे। समापन के बाद अम्बेडकर चैक के पास रात्रि 7 बजें पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं आम जनता से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### प्राथमिक शिक्षक से सुविधानुसार पोस्टिंग व जांच समाप्त करने ले रहे थे रिश्वत

# लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही: 80 हजार की रिश्वत लेते तीन आरोपी गिरफ्तार





## शिक्षा विभाग के दो बाबू सहित शिक्षक बने आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह में रात्रि में लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही से हडकंप के हालात बन गये। भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त सागर की टीम ने सोमवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 80 हजार रुपये की रिश्वत लेते तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह ट्रैप कार्रवाई महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश, उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा के निर्देशन में की गई।

मामले में आवेदक नवेन्द्र कुमार आठया 36 वर्ष प्राथमिक शिक्षक ने लोकायुक्त कार्यालय सागर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उन्हें निलंबन से बहाल करने और विभागीय जांच समाप्त कराने के साथ ही यथावत पदस्थापना (पटेरा में) कराने के एवज में 1 लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी।

### छात्र से मारपीट के मामले में निलंबित हुआ था आवेदक

बताया गया कि आवेदक पूर्व में पटेरा में पदस्थ थे और कुछ समय पहले एक छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा द्वारा उन्हें निलंबित कर दिया गया था। बाद में बहाली की गई, लेकिन पुनः पटेरा में पदस्थ करने के नाम पर



आवेदक नवेन्द्र अठया

रिश्वत की मांग की जा रही थी। आवेदक ने 13 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद 21 अप्रैल को लोकायुक्त टीम ने बातचीत की रिकॉर्डिंग कर शिकायत का सत्यापन किया। सत्यापन सही पाए जाने पर 4 मई को ट्रैप की योजना बनाकर कार्यवाही की गई।

### डिक्की में रखे पैसों के साथ पकड़े गए आरोपी

लोकायुक्त टीम ने जबलपुर नाका चौकी क्षेत्र में पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने जबलपुर-दमोह रोड पर जाल बिछाया। यहां आरोपी रिश्वत की राशि 80 हजार रुपये लेकर पहुंचे, जिसे दोपहिया वाहन की डिक्की में रखा गया था। इसी दौरान टीम ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। देर तक लोकायुक्त टीम द्वारा कार्यवही चलती रही। आरोपियों में अनिल कुमार साहू माध्यमिक शाला, मनोज कुमार श्रीवास्तव उम्र 58 वर्ष पद सहायक ग्रेड 2 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, नीरज कुमार सोनी सहायक ग्रेड 3 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी शामिल है। फिलहाल तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक मंजू किरण तिर्की, निरीक्षक रंजीत सिंह, प्रधान आरक्षक सफीक खान, संतोष गोस्वामी, अजय क्षेत्रीय, प्रदीप दुबे, आदेश तिवारी, गोल्डी पासी, राघवेंद्र, विक्रम सिंह और नीलेश चौबे सहित लोकायुक्त सागर की टीम शामिल रही।

## पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में जीत पर भाजपा ने निकाला जुलूस



**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2026 में पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में विजय जुलूस जिला भाजपा कार्यालय से हृदय स्थल घंटाघर तक निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जयघोष एवं आतिशबाजी के साथ जीत का उत्सव मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, जनता के विश्वास का परिणाम है। देश की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की नीतियों पर विश्वास जताया है। भाजपा सरकारों ने हमेशा जनकल्याण को सर्वोपरि रखा है और यही कारण है कि जनता ने पुनः अपना आशीर्वाद दिया है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह तृणमूल कांग्रेस के गुंडो द्वारा जनता को परेशान किया जा रहा था आज उससे मुक्ति मिल गई विपक्षी दलों ने जिस तरह नारी शक्ति को धोखा दिया आज उसी का परिणाम है किसी नारी शक्ति ने उन्हें करारा जवाब दिया है। यह जीत हर एक भाजपा कार्यकर्ता की मेहनत और समर्पण का परिणाम है, और आने वाले समय में भी पार्टी इसी तरह जनता की सेवा करती रहेगी।
दमोह विधायक ने कहा कि यह प्रचंड विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच, जनकल्याणकारी नीतियों और मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। देश की जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। किसान मोर्चा के प्रदेश के महामंत्री गोपाल पटेल जी ने कहा, यह बंगाल में नए इतिहास की शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की ताकत ने यह ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित की है। यह विजय आम जनता के विश्वास और समर्थन का प्रतीक है, जो भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर निरंतर भरोसा जता रही है। कार्यक्रम में पार्टी के जिले के पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खजरी गांव में ज़मीनी विवाद, दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**दमोह।** देहात थाना क्षेत्र के खजरी गांव में सोमवार सुबह ज़मीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई, जिसमें करीब 7 से 8 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल भेजा गया। दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर मामला दर्ज, पुलिस जांच जारी घटना की सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक डेलन और पूरन लाल अस्पताल पहुंचे और घायलों के बयान लेकर कार्रवाई शुरू की। घायलों में एक पक्ष से संजय कुमार, रामकुमार पिता गुलाब, सीता रानी पति रामकुमार और सुषमा पति संजय शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से मुकेश रजक, गोटीराम, चंद्रभान और फूल रानी रजक घायल हुए हैं। देहात थाना पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर काउंटर प्रकरण दर्ज किया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।

## तीन मंजिला मकान का छज्जा गिरा, बड़ा हादसा टला

**दमोह।** शहर के अत्यंत व्यस्त घंटाघर क्षेत्र में रविवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बंदा बहू मंदिर के सामने स्थित नामदेव बिल्डिंग की तीसरी मंजिल का छज्जा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। घटना रात करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही दमोह कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छज्जा गिरने से सड़क पर मलबा फैल गया, हालांकि कोई व्यक्ति या वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि छज्जे का कुछ हिस्सा गिर चुका है, जबकि कुछ हिस्सा अभी भी लटका हुआ है, जो खतरा बना हुआ है। घटना के बाद तत्काल सुरक्षा व्यवस्था के तहत सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद कर दिया गया है। साथ ही नगर पालिका को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा गया है। आसपास के रहवासियों को भी सतर्क रहने और बिल्डिंग से दूरी बनाए रखने की हिदायत दी गई है। घंटाघर क्षेत्र शहर का प्रमुख और व्यस्त इलाका है, जहां दिनभर सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में इस प्रकार की घटना ने भवनों की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है और लटके हुए हिस्से को हटाने की कार्रवाई जल्द किए जाने की बात कही जा रही है।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर, कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**गैसाबाद।** पांच राज्यों के संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल एवं असम प्रदेश में भाजपा की बंफर जीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपस में गले लग कर मिठाई बांट कर जीत का जश्न मनाया भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बलैह पंचायत के सरपंच जुगल पटेल लंबरदार ने भाजपा की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं और सबका साथ सबका विकास की देन है, पूर्व जिला सदस्य रणधीर दहिया ने भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर की, भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर पूर्व मंडल अध्यक्ष खिलान सिंह राजपूत, सरपंच जुगल लंबरदार, रणधीर दहिया, गोपाल पटेल, लक्ष्मण तिवारी, निलेश जैन, जिमी नगरिया, जितेंद्र चौरसिया, मुकेश पटेल आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने बांदकपुर धाम में किया जलाभिषेक



**दमोह।** श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर की पावन नगरी में सोमवार शाम को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी पहुंचे। यहां उन्होंने श्री जागेश्वर नाथ धाम में विधि-विधान से जल अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सोलंकी ने मंदिर के द्वारा स्थापित धेनुवन (गोवर्धन पर्वत) पर आंवले के वृक्ष का रोपण भी किय। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने पौधरोपण के महत्व पर जोर दिया, इस दौरान टीआई सिटी मनीष कुमार, एएसआई कमलेश सैनी, शिवम पाठक समेत पुलिस व न्यायालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय जबेरा में विद्यार्थियों को दिया गया सीपीआर प्रशिक्षण



**जबेरा।** शासकीय महाविद्यालय जबेरा में विगत दिवस स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौरभ सुमन ने विद्यार्थियों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) की महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में डॉ. सुमन ने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रायोगिक रूप से सीपीआर देने की विधि समझाई और बताया कि सही समय पर सही तकनीक का उपयोग कर हृदय गति रुकने की स्थिति में मरीज को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने इस पहल को उपयोगी बताते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण भविष्य में आपातकालीन स्थितियों से निपटने में सहायक होंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने भी इस आयोजन को सराहनीय बताते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित

### पार्षदों ने नगर में समस्याओं की शिकायतों की लगाई झड़ी

### कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद की ली समीक्षा बैठक

# कलेक्टर ने उदय प्रोजेक्ट के अधिकारियों को लगाई फटकार, दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर पालिका परिषद हटा में पहली बार नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने पहुंच कर अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों एवं समस्त अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर नगर की पेयजल विद्युत सड़क एवं सफाई व्यवस्था को लेकर अध्यक्ष एवं पार्षदों से बिंदुवार चर्चा कर जानकारी ली जहां पार्षदों ने जिम्मेदार अधिकारियों की शिकायतें करते हुए कलेक्टर के समक्ष समस्याओं की झडी लगा दी जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण किये जाने का अल्टीमेटम दिया।

कलेक्टर द्वारा ली गई समीक्षा बैठक के दौरान अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक एवं सभी पार्षदों द्वारा वार्डों में लोगों को हो रही पानी की समस्या को लेकर अवगत कराया गया एवं बताया गया कि उदय प्रोजेक्ट द्वारा नगर में घटिया पाइपलाइन बिछाई गई जो जगह-जगह से लीकेज हो रही हैं। सभी वार्डों में पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है जिससे भीषण गर्मी में नदी के तट पर बसे नगरवासी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। एवं जो कनेक्शन घरों घरों में लगाए गए हैं उन्हें खुला छोड़ दिया गया जिससे पानी की बर्बादी होती है। कंपनी द्वारा लाइनों में लीकेज ढूंढने के लिए नगर की सभी गलियों में बनी सीसी सड़कों की खुदाई करने से सड़क हस्त व्यस्त हो गई जिन पर चलना दूभर हो गया। चंडी जी वार्ड के पार्षद देवेंद्र राय मैं शिकायत करते हुए कलेक्टर से बताया उदय प्रोजेक्ट कंपनी के अधिकारियों द्वारा सभी वार्डों में पर्याप्त जलापूर्ति किए जाने वरिष्ठ अधिकारियों को झूठी रिपोर्ट भेजी जा रही है जबकि जमीनी हकीकत नगर में एक तिहाई लोगों को भी पानी नहीं मिल रहा है। कलेक्टर ने सभी पार्षदों किस कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए चल निगम की वरिष्ठ अधिकारियों को फोन पर फटकार लगाते हुए तीन दिन में पानी की सुचारू व्यवस्था किए जाने का अल्टीमेटम दिया अन्यथा की स्थिति में एफआईआर की कार्यवाही की जावेगी।

### एमपी आरडीसी के अधिकारीयों को भी लगाई फटकार

नगर में बनाई जा रही फोरलेन सड़क निर्माण में सीसी सड़क मैं ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर परिषद की शिकायत पर कलेक्टर ने एमपी आरडीसी के मैनेजर एमडी को फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण किए जाने के निर्देश दिए कलेक्टर ने कहा कि सड़क लोगों की सुविधा के लिए बनाई जा रही है लेकिन कंपनी की लापवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी।

इसी प्रकार नगर में विद्युत आपूर्ति को लेकर शिकायत की गई की अधिकारी अपनी मनमानी तरीके से विद्युत आपूर्ति करते हैं जिससे नगर की पेयजल व्यवस्था प्रभावित होती है एवं विद्युत मंडल द्वारा नगर में क्षतिग्रस्त पोलों को परिवर्तित करने में लापरवाही बरती जा रही है जिससे कभी भी हादसा घटित हो सकते हैं शिकायत करने पर भी सुधार कार्य नहीं किए जाते जिससे नगर वासियों को काफी परेशानियां हो रही है जिस पर कलेक्टर ने कनिष्क यंत्री राजेश शाह को फटकार लगाते हुए कड़े शब्दों में शीघ्र सुधार कार्य किए जाने निर्देशित किया।

### नगर की सफाई व्यवस्था पर की चर्चा

बैठक के दौरान कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने नगर में सफाई व्यवस्था का जायजा दिया तो उपस्थित सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों की शिकायतें सुनाने लगे जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ एवं सफाई दरोगा को बैठक के बीच में बुलाकर सफाई कर्मचारी की जानकारी ली और प्रत्येक वार्ड में नियुक्त सफाई कर्मियों की सूची चश्पा करने एवं पार्षदों को अवगत कराने निर्देशित किया रोजाना समय पर सभी वार्डों में सफाई सुनिश्चित करने सीएमओ को निर्देशित किया जहां बालाजी वार्ड पार्षद दीपक जैन ने शिकायत करते हुए बताया कि छोटी गलियों में जहां कचरा गाड़ी नहीं पहुंचती वहां के लिए ई-रिक्शा परिषद द्वारा खरीदे गए लेकिन उनका उपयोग वर्षों बीत जाने के बाद भी नहीं किया गया जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ को फटकार लगाते हुए शीघ्र ही चालू करवाने निर्देशित किया ताकि नगर में सफाई व्यवस्था एवं कचरे का संपादन समय पर व्यवस्थित तरीके से किया जा सके।

कलेक्टर ने बैठक उपरांत पत्रकारों को बताया कि नगर में समस्याओं को लेकर शिकायतें मिल रही थी जिसको लेकर विजिट किया गया सड़क पानी बिजली आदि की समस्याओं को लेकर संभागीय एवं प्रदेश स्तर के अधिकारियों को बताया गया कि नगर पालिका हटा में आकर परिषद के साथ बैठक का समस्याओं का तुरंत निराकरण करें अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक पार्षद देवेंद्र राय, दीपक जैन, आजाद वार्ड पार्षद परवीन बी, अंजार खान कैलाश ताम्रकार लखन कोरी पार्षद प्रतिनिधि हरिशंकर साहू, जगत पटेल सहित सभी पार्षदों के साथ एसडीएम राकेश मरकाम तहसीलदार आलोक जैन कम और राजेंद्र खरे सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## महाविद्यालय में प्रवेश हेतु घर-घर संपर्क कॉलेज चलो अभियान




**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ.जी.पी.चौधरी के मार्गदर्शन में तथा नोडल अधिकारी डॉ.अवधेश जैन के निर्देशन में सत्र 2026 27 की प्रवेश प्रक्रिया को सरल पारदर्शी, एवं छात्र हितेषी बनाते हुए अधिकतम पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के उद्देश्य से *कॉलेज चलो* *अभियान के द्वितीय चरण* प्रारंभ हो गया है। इसके अंतर्गत आज दिनांक 04 मई को कक्षा 12वीं में पास छात्राओं के प्रवेश हेतु जन जागरूकता अभियान के तहत डॉ उमेश दीपंकर और डॉ अनुभा दुबे के द्वारा घर घर जाकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवश्यक जानकारियां, शासन की विविध योजनाओं एवं महाविद्यालय में प्राप्त सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई और महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया गया।